दिनांक: 17.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

जम्मू–कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए झुंझुनू जिले के दोनों जवानों का आज अंतिम संस्कार किया जाएगा। जवान अजय सिंह और जवान बिजेन्द्र सिंह का पार्थिव शरीर आज सेना के विशेष विमान से जयपुर लाया गया। जयपुर हवाई अड्डे पर दोनों जवानों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने पुष्प चक्र अर्पित कर वीरों को श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी पार्थिव देह पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इसके अलावा जयपुर जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित सहित अन्य सैन्य अधिकारियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर वीरों को नमन किया। अंतिम संस्कार के लिए पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव डुमोली कलां और भैंसावता के लिए रवाना कर दिये गये हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज अपने संसदीय क्षेत्र कोटा के एक दिन के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने ''एक पेड़ मां के नाम अभियान'' के तहत कोटा के गुरू गोबिंद सिंह पार्क में पौधरोपण किया। कार्यक्रम में श्री बिरला ने उपस्थित लोगों से मां के नाम एक पौधा अवश्य लगाने की अपील की। विभिन्न संस्थाओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इसके बाद श्री बिरला रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र जाएंगे, जहां उनका भाजपा कार्यकर्ताओं और विभिन्न संस्थाओं की ओर से अभिनंदन किया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष का शाम को रोड शो करने का भी कार्यक्रम है।

राज्य के किसान खरीफ 2024 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 31 जुलाई तक बीमा करवा सकते हैं। इसके लिए राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। इस योजना के तहत फसली ऋण लेने वाले किसान, गैर ऋणी किसान और बटाईदार किसान फसलों का बीमा करा सकते हैं। फसल बीमा से बाहर होने का विकल्प चुनने के लिए 24 जुलाई आखिरी तारीख है। वहीं बैंक में फसलों में परिवर्तन की सूचना देने की अंतिम तारीख 29 जुलाई है। हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि खरीफ फसलों में जैसलमेर जिले के लिए बाजरा, मूंगफली, ग्वार, मूंग, मोठ, तिल और ज्वार के साथ ही अरंडी, अनार और खजूर को भी जोड़ा गया है।

मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत शिक्षा विभाग की ओर से आज जयपुर संभाग में सिर्फ तीन घंटे में ही करीब 10 लाख पौधे लगाए गए। संभागीय आयुक्त डॉ. आरुषि मलिक ने बताया कि अभियान के तहत जयपुर जिले में 50 हजार, जयपुर ग्रामीण जिले में करीब डेढ लाख, दौसा जिले में साढे तीन लाख, अलवर जिले में सवा तीन लाख पौधे रोपे गए। इसके अलावा कोटपूतली–बहरोड़, खैरथल–तिजारा और दूदू जिले में भी बड़ी संख्या में पौधरोपण किया गया। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण के बाद पौधे की सार संभाल की जिम्मेदारी भी संबंधित अधिकारी को ही दी गई है।

शिक्षा विभाग ने आज प्री–डीएलएड परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने परिणाम जारी करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए मात्र 16 दिन में ही ये परिणाम घोषित किया गया है। शिक्षा मंत्री ने परीक्षा में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को फोन पर बधाई

दी। गौरतलब है कि वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय की ओर से 30 जून को राज्य के सभी जिलों में ये परीक्षा आयोजित की गई थी।

हज़रत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में आज मुहर्रम पर प्रदेशभर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हो रहे हैं। दोपहर बाद ताज़िये निकाले जाएंगे और शाम को उन्हें सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। राजधानी जयपुर में करीब साढे तीन सौ छोटे–बड़े ताज़िये बनाए गए हैं। ये ताज़िये जुलूस के साथ बड़ी चौपड़ से होते हुए करबला पहुंचेंगे। विभिन्न स्थानों पर पानी और शरबत की छबीलें लगाई गई हैं। इसके लिए प्रशासन ने कानून और यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किये हैं। सुरक्षा के मद्देनजर आर.ए.सी. की छह कम्पनियां लगाई गई हैं।

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कहीं–कहीं अति भारी बारिश दर्ज की गई है। वहीं कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक 12 सेंटीमीटर बरसात बांसवाड़ा के सज्जनगढ़ में रिकॉर्ड हुई। सांचौर में सात सेंटीमीटर, जालौर के रानीवाड़ा सीनियर, झालावाड़ के डग, डूंगरपुर के धंबोला और गणेशपुर सीनियर, चित्तौडगढ के निम्बाहेडा में पांच–पांच सेंटीमीटर पानी बरसा। विभाग ने आज बाड़मेर, जालौर, उदयपुर और सिरोही में बारिश की संभावना जताई है।